<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 06.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. खाड़ी देशों में सुरक्षा संकट के बीच दुबई में फंसे राज्य के साठ व्यवसायी सकुशल रांची लौटे, एयरपोर्ट पर भावुक हुए परिजन।
2. नीतीश कुमार के राज्यसभा नामांकन पर झारखंड में बढ़ी सियासी तपिश; भाजपा ने दी बधाई, तो झामुमो–कांग्रेस ने बताया राजनीतिक चाल।
3. राज्य में आज पहली बार मनाया जा रहा है राज्यव्यापी उमंग दिवस, किशोर–किशोरियों के स्वास्थ्य पर रहेगा विशेष फोकस।
4. लोहरदगा में आज से दो दिवसीय साहित्य एवं फिल्म महोत्सव का आगाज, कला, साहित्य और जनजातीय संस्कृति को मिलेगा बड़ा मंच।
5. टी–20 विश्वकप के रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को हराकर फाइनल में पहुंचा भारत, 8 मार्च को न्यूजीलैंड से होगी खिताबी भिड़ंत।

****

खाड़ी देशों में सुरक्षा संकट के बीच दुबई में फंसे राज्य के 60 व्यवसायी गुरुवार को सकुशल रांची लौट आए। 24 फरवरी को व्यापारिक दौरे पर गए इस दल को 28 फरवरी को लौटना था, लेकिन अबूधाबी में युद्ध जैसे हालात और एयरपोर्ट बंद होने के कारण वे वहां फंस गए थे। घंटों की अनिश्चितता के बाद, बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुँचने पर परिजनों ने नम आँखों से उनका स्वागत किया। यात्रियों ने सुरक्षित वापसी पर राहत जताई है।

****

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा नामांकन पर झारखंड में सियासी बयानबाजी तेज है। झामुमो ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के केन्द्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने इसे भाजपा की साजिश करार दिया है।

वहीं, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता कमल ठाकुर ने तंज कसते हुए कहा कि नीतीश कुमार और जदयू का भविष्य अब खतरे में है।

इस बीच प्रदेश भाजपा ने इस फैसले का स्वागत किया है। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने नीतीश कुमार को बधाई देते हुए इसे उनके राजनीतिक अनुभव का सम्मान बताया है।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कार्फ्रेंस के माध्यम से कृषि और ग्रामीण बदलाव पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करेंगे। इस विषय के तहत आठ वेबिनार सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें चार प्रमुख सेक्टर– कृषि, पशुपालन और डेयरी, मत्स्या पालन और ग्रामीण आजीविका पर विचार–विमर्श होगा।

****

ग्रामीण विकास मंत्रालय, माई भारत के सहयोग से, आज से राष्ट्रव्यापी वीबी जी राम जी युवा डिजिटल अभियान शुरू कर रहा है। इसका उद्देश्य विकसित भारत – ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन अधिनियम, 2025 के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के अंतर्गत, 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर की शार्ट वीडियो, रील या एनिमेटेड वीडियो प्रतियोगिता 60 सेकंड फॉर माई विलेज भी आज से शुरू की जा रही है।

****

राज्य में किशोर–किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य भर के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आज से उमंग दिवस की शुरुआत की जा रही है। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत, यह पहल 10 से 19 वर्ष के किशोरों के लिए हर महीने के पहले शुक्रवार को आयोजित की जाएगी।

****

8वें वेतन आयोग ने सेवारत कर्मचारी और पेंशन भोक्ता संघों, संगठनों, संस्थाओं और इच्छुक लोगों सहित विभिन्न् हितधारकों से ज्ञापन और सुझाव आमंत्रित किये हैं। आयोग ने विचार भेजने के लिए अपने अधिकारिक

वेबसाइट पर ऑनलाइन प्रारूप उपलब्ध कराया है। वेतन आयोग ने कहा कि केवल ऑनलाइन पोर्टल से भी सुझाव लिए जाएंगे, कागजी परिपत्र, पीडीएफ और ई–मेल से भेजे गए सुझावों पर विचार नहीं होगा। वेतन आयोग ने सभी पक्षों से तीस अप्रैल तक प्रतिक्रिया भेजने को कहा है।

****

रायसीना डायलॉग भू–राजनीति और भू–अर्थव्यवस्था पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाली सबसे चुनौतीपूर्ण समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

साउंड बाइट– रिपोर्ट ऑन रायसीना डायलॉग – 35 सेकेंड

****

लोहरदगा में आज से दो दिवसीय साहित्य एवं फिल्म महोत्सव का आगाज हो रहा है। यह महोत्सव लोहरदगा के समाहरणालय मैदान में आयोजित किया जा रहा है, जहां गाड़ी लोहरदगा मेल जैसी चुनिंदा फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इस दौरान प्रसिद्ध उपन्यासकार, फिल्म निर्देशक, विचारक और स्टैंडअप कॉमेडियन अपने अनुभव साझा करेंगे। उपायुक्त डा. ताराचंद ने बताया कि इस मेले का लक्ष्य स्थानीय कला, साहित्य और जनजातीय संस्कृति को एक मंच प्रदान करना है।

****

गढ़वा जिले के हेसातु गांव में भूमि विवाद के चलते हुई एक वृद्ध की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने कुल्हाड़ी से हमला कर सूर्यदेव यादव की हत्या कर दी थी और परिवार के चार सदस्यों को घायल कर दिया था, जिनका इलाज जारी है।

****

राज्य के मौसम में आज से बदलाव होने की उम्मीद है। रांची मौसम केंद्र के अनुसार आज दोपहर के बाद से आसमान में आंशिक बादल छाने लगेंगे और राज्य के देवघर, धनबाद, दुमका, साहिबगंज समेत कुछ हिस्सों में कल से 9 मार्च के बीच गरज–चमक के साथ हल्की बारिश के आसार हैं।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए नामांकन करने की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– नीतीश विराम... अब भाजपाई सीएम।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– नामकुम थाने की हाजत में हत्यारोपी ने दी जान, थानेदार समेत छह सस्पेंड।

प्रभात खबर के शब्द हैं– एचईसी पर जेबीवीएनएल के 282 करोड़ रुपये बकाया, 15 दिनों का अल्टीमेटम।

दैनिक जागरण लिखता है– हिन्द महासागर तक पहुंची पश्चिम एशिया की आंच।

****